प्रेस नोट थाना मदनापुर

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक 18.07.25

"मदनापुर पुलिस की कार्यवाही: हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार वांछित अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहाँपुर महोदय के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा थाना मदनापुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 159/2025 धारा 103(1) बीएनएस मे वांछित अभियुक्त श्रवण सिंह पुत्र जदुवीर निवासी ग्राम प्रतापपुर गहवरा थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर को आज दिनांक 18/07/25 को मुखबिर की सूचना पर **चन्दोखा तिराहे** से समय करीब 11.00 बजे गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 13/07/25 को वादी श्री द्रगपाल पुत्र हुकुम निवासी ग्राम प्रतापपुर गहवरा थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर द्वारा लिखित तहरीर बावत अभियुक्त श्रवण सिंह पुत्र जदुवीर निवासी ग्राम प्रतापपुर गहवरा थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी के पुत्र अरविन्द उम्र करीब 21 वर्ष को जमीन पर गिराकर बूरी तरह लात घुसों से व ईटों से पेट व छाती पर प्रहार करना जिससे वादी के पुत्र के बुरी तरह घायल हो जाने पर इलाज हेतु सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टर द्वारा वादी के पुत्र को मृत घोषित कर देने के सम्बन्ध में दाखिल की। तहरीर के आधार थाना मदनापुर पर मु0अ0स0 159/2025 धारा 105 बीएनएस बनाम श्रवण सिंह पुत्र जदुवीर निवासी ग्राम प्रतापपुर गहवरा थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया। दौराने विवेचना साक्ष्यों के आधार पर अभियोग मे धारा 105 बीएनएस को धारा 103(1) बीएनएस मे तरमीम किया गया। वांछित अभियुक्त श्रवण सिंह उपरोक्त को आज दिनांक 18/07/25 को मुखबिर की सूचना पर थाना मदनापुर पुलिस द्वारा **चंदोखा तिराहे** से समय करीब 11.00 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

श्रवण सिंह पुत्र जदुवीर निवासी ग्राम प्रतापपुर गहवरा थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर **(उम्र करीब 31 वर्ष)**

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 159/25 धारा 103(1) बी0एन0एस0

गिरफ्तारी का दिनांक/समय व स्थान-

दिनांक 18.07.2025, समय 11.00 बजे , **स्थान-** चंदोखा तिराहा थाना क्षेत्र मदनापुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विश्वजीत प्रताप सिंह थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।
2. का0 भानू प्रताप सिंह थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।